### राष्ट्र को समर्पित रक्तदाताओं ने राष्ट्र के लिए 21 यूनिट किया रक्तदान

# भारत पाक युद्ध को लेकर आपातकाल में बालोतरा ब्लड बैंक में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

मरुधर विशेष

**हीराराम सेजू बालोतरा** बालोतरा रक्तकोष मित्र मंडल सेवा संस्थान द्वारा भारत पाक युद्ध की चारगर्मियों तेज है और इतने में रक्तकोष मित्र मंडल के युवाओं एवं यूथ कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र पचपदरा के युवाओं द्वारा सयुक्त तत्वाधान ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 युवाओं द्वारा रक्तदान कर राष्ट्र को समर्पित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया गया।अध्यक्ष पंकज डाभी ने बताया कि रक्तदान महादान है और भारत सरकार द्वारा स्पष्ट गाइडलाइन के अनुसार सभी सीमावर्ती ब्लड बैंको में कम से कम 100 यूनिट ब्लड स्टॉक करने की सूचना मिलने पर बालोतरा रक्तकोष मित्र मंडल सेवा संस्थान एवं यूथ



कांग्रेस के रक्तदाताओं ने ब्लड बैंक पहुंच रक्तदान किया।यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अशरफ अली ने बताया कि हमें भारत माता के लिए अपनी कुरबानियां देने के लिए तत्पर सैनिकों को अगर आपातकाल में ब्लड की जरूरत पड़ती है तो देश प्रेमी रक्तदाता पीछे नहीं हटते है संस्थापक राजूराम गोल ने बताया कि भारतीय सेना के लिए किया रक्तदान भारत पाक युद्ध को देखते हुए भारत सरकार ने सभी ब्लड बैंक में ब्लड स्टॉक के लिए निवेदन किया है....हम सब राष्ट्र प्रेमी आज दिनांक 11 मई 2025 राजकीय नाहटा अस्पताल ब्लड बैंक पहुंच भारतीय सेना के लिए रक्तदान किया करने वाले खुशाल अणखीया गिड़ा ,नारायण अणखीया गिड़ा ,जेठाराम अणखीया गिड़ा ,हुकम अणखीया गिड़ा ,पुरा राम बालास



जाजवा,सेवर पंवार, दाऊ राम,कला राम,ममता कुमारी,जोगा राम,भूपेंद्र कुमार,पुष्पराज,लीला कुमारी जाजवा सहित कई युवाओं ओर महिलाओं ने रक्तदान किया। कोषाध्यक्ष मो रमजान ने बताया कि गर्मी और तपती धूप में युवाओ ने देश प्रेमी की परीक्षा देते हुए देशहित में रक्तदान किया।रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक प्रभारी महेंद्र पंवार,धर्मेंद्र,राजू राम गोल,संरक्षक वीरा राम तीरगर,युवा मंडल के अध्यक्ष अजय जैन,महिला कार्यकर्ता लीला जाजवा,ममता,पंकज सिंह डाभी,रावत बौद्ध,देवेंद्र राजपुरोहित,अनूप दर्जी,जोगा राम डांगी,जगदीश गहड़वाल,नरपत सिंह उमरलाई,कल्याण सिंह सिणली, विक्रम सिंह चारण,महेंद्र परिहार,ललित बॉस,रमजान सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### श्रीराम सेना की भव्य शोभा यात्रा निकाली

# श्रीराम सेना की प्रथम सभा का आयोजन, कार्यकारिणी का हुआ गठन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,(सीताराम गुप्ता)** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित गोकुल सरोवर कॉलोनी में श्रीराम सेना के तत्वाधान में भगवान श्री नृसिंह देव जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा तेजसदास महाराज के सानिध्य एवं दिनेश मित्तल के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से सम्पन्न हुई। जिसमें सैकड़ों महिला व पुरुषों ने हिस्सा लिया एवं भगवान श्री नृसिंह देव की भक्ति और आनंद का अनुभव किया। शोभा यात्रा के उपरांत श्रीराम सेना की प्रथम सभा का आयोजन फूटा जोड़ा के बलराम दास महाराज के सानिध्य में हुआ। जिसमें जन सेवार्थ श्रीराम सेना संगठन की शुरुआत की गई। सभा में सर्वसम्मति से श्रीराम सेना की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें दिनेश मित्तल को संरक्षक, मनोज चौधरी को अध्यक्ष, जे.पी.





कोटिया को महामंत्री, मातादीन पनिहार को सलाहकार नियुक्त किया गया। जबकि उपाध्यक्ष पद पर रोहिताश सैनी व कमल पंडित, राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष, धर्मवीर कुमावत को प्रवक्ता, प्रमोद कुमार को प्रचार मंत्री, राजवीर गुर्जर को उप सचिव, गिरिराज मीणा को सह सचिव, प्रकाश दीदारसिंह, सतवीर सिंह, ज्ञानी राजपूत, विक्रम कुमावत, गौरव शर्मा, डॉ. पंकज शेखावत, अतुल गर्ग, अंतराम गुर्जर को सदस्य नियुक्त किया गया। बलराम दास महाराज ने सभी पदाधिकारियों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। श्रीराम सेना का उद्देश्य समाज सेवा, सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक उत्थान को बढ़ावा देना है। संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा व सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्य करेगा। जिसका लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना और सामुदायिक एकता को मजबूत करना है।

# महायज्ञ की समीक्षा बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा रखा विप्र फाउंडेशन की मंदारेश्वर में बैठक

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ा.: नगर के मदारेश्वर महादेव मंदिर पर रविवार को विप्र फाउंडेशन की बैठक में लिमथान यज्ञ की समीक्षा की गई। अखंड अन्न क्षेत्र परिसर में आयोजित बैठक में 101 कुंडीय विष्णु महा यज्ञ, श्री परशुराम एवं श्री कृष्ण प्रतिमाओं का वज्र लेप, कलश स्थापना, दोनों मंदिरों पर कीर्ति स्तम्भ स्थापना, विशाल गंगा जल कलश यात्रा की समीक्षा और आय व्यय पर चर्चा हुई।विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष ललित कुमार जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश सरक्षक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी रहे। विशिष्ट अतिथि विष्णु महायज्ञ के सरक्षक स्वामी विवेकानंद महाराज, हाड़खरा पटेल समाज अध्यक्ष भारतसिंह पटेल बोदला, पूर्व अध्यक्ष गौतमजी सियापुर, परशुराम सेवा संस्थान संयोजक महेश जोशी, नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव रहे। विष्णु



महायज्ञ संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि लिमथान धाम पर आयोजित भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान रहा। इसमें पूरे क्षेत्र के सनातन समाज के सभी वर्गों का योगदान रहा। पानेरी ने बताया की महामंडलेश्वर ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी महाराज, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा एवं संत महात्माओं की उपस्थिति से आयोजन में ऊर्जा का संचार हुआ।

इस अवसर पर जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा जिला मंत्री के.के.पंडया व्यवस्था प्रमुख अमृत सनाढ्य शरद त्रिवेदी तहसील अध्यक्ष विनोद त्रिवेदी वनेश्वर पंडया चिड़ियावासा मदन मोहन भट्ट जुगल जोशी ने अपने अनुभव व्यक्त किये। इस अवसर पर विनोद उपाध्याय रोहिडा, विनोद व्यास लिमथान, लालजी भाई बोदला उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी द्वारा "ओम राम राम परशुराम, परशु हस्ताय नमः" मंत्र का जाप करवाया। योगेश जोशी ने बताया कि विप्र फ़ाउंडेशन द्वारा संपूर्ण देश में तीन दिन में ग्यारह करोड़ मन्त्रों का जाप किया गया। ये मंत्र पाकिस्तान से चल रही युद्ध की स्थिति में पराक्रमी चिरंजीवी परशुरामजी की अनुकम्पा का आह्वान किया गया।

# शहर में किसी कीमत पर अतिक्रमण नहीं होगा बर्दाश्त- अंजनी कुमार अतिक्रमण दिखा तो वसूला जाएगा जुर्माना

मरुधर विशेष

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने आज नगर के प्रमुख चौराहे करहल, भावत चौराहे से क्रिश्चियन तिराहे तक का भ्रमण कर सड़क के दोनों ओर स्थाई, अस्थाई अतिक्रमण का जायजा लेते हुए उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को हिदायत देते हुए कहा कि नगर में कहीं भी नाली, नाले के ऊपर स्थाई, अस्थाई अतिक्रमण न रहे, सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान, प्रतिष्ठान का सामान नाले, नालियों के पीछे तक ही रखें, जिन दुकानदारों द्वारा नालों पर अतिक्रमण कर सामान रखा गया है उन्हें नोटिस जारी कर तत्काल स्थाई, अस्थाई अतिक्रमण हटाने हेतु निर्देशित किया जाए संयुक्त रूप से प्रतिदिन कम से कम 02 घंटे अतिक्रमण हटाओ



अभियान चलाया जाए, नगर के मुख्य मार्ग अतिक्रमण मुक्त रहें ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दुकानों के सामने फुटपाथ पर अवैध रूप से फड लगाकर सब्जी बेचने, दुकान के सामने सड़क पर समान रखने के कारण मुख्य मार्गों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी दुकानदार को दुकान की सीमा के बाहर सड़क पर सामान रखकर मार्ग को अवरोध करने की इजाजत नहीं होगी, सभी दुकानदार अपनी दुकान की सीमा में समान रखकर ही अपना व्यापार करें, अनावश्यक रूप से सड़कों पर सामान रख आवागमन को बाधित न करें। उन्होंने सड़क के किनारे बालू, मोरम, गिट्टी रखी पाए जाने पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कहीं भी सड़क के किनारे मोरम, गिट्टी न रखी जाए अनाधिकृत रूप से सड़कों के किनारे मोरम, गिट्टी रखने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर उनसे जुर्माना वसूला जाए।

श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान करहल चौराहे पर स्थित तनु मिष्ठान भंडार एवं भावत चौराहे पर चंद्र मोहन चाय विक्रेता द्वारा घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर उक्त दोनों दुकानदारों के सिलेंडर तत्काल जप्त कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी दुकानदार घरेलू सिलेंडर का उपयोग वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में न करें, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, दुकानों पर सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर ही प्रयोग किए जाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्टेशन रोड पर राठौर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान के बाहर सड़क पर सामान रख किए गए अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त दुकानदार पर भारी जुर्माना लगाया जाए, दुकानदार द्वारा जब तक जुर्माना जमा न किया जाए तब तक उसकी दुकान सील की जाए उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी करहल चौराहे के आसपास से अनाधिकृत अतिक्रमण प्रभावी ढंग से नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि दुकान का सामान नाले, सड़क पर अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उन पर भारी जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह, प्रभाकर गंगवार आदि उपस्थित रहे

# किशोरी विकास प्रकल्प में उज्वल भविष्य की ओर बढ़ती बेटियाँ - सेवा भारती समिति की सराहनीय पहल

मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** सेवा भारती समिति कोटपूतली द्वारा बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में संचालित किशोरी विकास प्रकल्प पर प्रेरणा से ओत प्रोत प्रवास संपन्न हुआ। इस प्रकल्प का उद्देश्य किशोरियों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और संस्कारवान बनाना है। सेवा भारती समिति कोटपूतली के नगर मंत्री छाजूराम सैनी ने प्रकल्प पर जाकर किशोरियों




को सूर्य नमस्कार व योग का अभ्यास करवाया। विजिट के दौरान उपस्थित अतिथियों ने किशोरियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को सराहा। सेवा भारती समिति की किशोरी आयाम विकास प्रमुख रजनी सैनी ने बताया कि यह प्रकल्प न सिर्फ शैक्षणिक विकास बल्कि सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रकल्प पर बालिकाओं को शिक्षिका द्वारा आत्म रक्षा के गुर भी सिखाए जाते हैं रजनी सैनी ने बताया कि अब तक सैकड़ों किशोरियाँ इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं और कई ने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अंत में सभी आगंतुकों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की । इस अवसर पर श्री महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र की प्रकल्प शिक्षिका वंशिका सोनी भी उपस्थित रही

# नीमराना में बाबा गरीब नाथ का रात्रि जागरण का आयोजन

## गायक कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना कस्बे के ऐतिहासिक तालाब मैदान पर संत शिरोमणि बाबा गरीब नाथ महाराज मेला के बाद शनिवार रात्रि को जागरण का आयोजन हुआ। बाबा गरीब नाथ की महिमा का गुणगान हरियाणवी कलाकारों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत शिरोमणि बाबा गरीब नाथ आश्रम के महंत ईकसारनाथ महाराज ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमराना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मकरध्वज शर्मा उर्फ एमडी बाबा रहे जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एडवोकेट अशोक पनवाल मेघवाल विकास समिति लोक अध्यक्ष नीमराना,रोहितास निभोरिया, राजस्थान मेघवाल परिषद अलवर के



जिला अध्यक्ष सुरेशचंद्र रेवाड़ीया, सतीश हॉस्पिटल के हड्डी विशेषज्ञ डॉ ज्ञानचंद मौर्य, समाजसेवी डॉ कुशलपाल सिंह चौहान, समाजसेवी रविंदर यादव ड़वानी, डॉ दीपिका यादव, किन्नर मधु गुरु शर्मा, डॉ मनोज सामरिया,यशवीर चौहान,राजेश हलवाई, कैलाश लुनिवाल, डॉ गजराज,पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल, महंतअमरनाथ महाराज फुलेरा, मनोज नाथ महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल रहे।

मंच संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास सामरिया ने किया। अतिथियों का मेला कमेटी के अध्यक्ष नोतराम राम मास्टर, हवलदार हरकेश,डीलर किशन लाल योगी,एडवोकेट प्राणसुख सैनी ने फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र



निभोरिया,सुमेर सिंह सामरिया,प्रभुदयाल मास्टर , कैलाश मोरोड़िया,मातादिन मास्टर ,जयसिंह सामरिया, एडवोकेट सतीश निभोरिया, दीपक नारनोलिया, वरिष्ठअधिवक्ता सुरेश जलालपुरिया, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र सामरिया, हवलदार हरकेश,एडवोकेट रविंद्र सामरिया ,खुशीराम सामरिया सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के पराक्रम,शौर्य, सुरक्षा एवं संपूर्ण भारत माता के रक्षार्थ हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदरकांड का आयोजन



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** भाजपा मण्डल बड़ोदिया के तत्वाधान में सर्व सनातन हिंदू समाज बड़ोदिया के सहयोग से लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर पर भारतीय सेना के पराक्रम,शौर्य, सुरक्षा एवं संपूर्ण भारत माता के रक्षार्थ हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया आयोजन में मुख्य अतिथि भारत माता मंदिर के राम स्वरूप महाराज रहे साथ ही स्वामी विवेकानंद महाराज का संत सानिध्य प्राप्त हुआ सर्व प्रथम आचार्य किशोर शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार से संतो का स्वागत सत्कार कर श्री लक्ष्मीनारायण भगवान की पूजा अर्चना करवाई । सम्पूर्ण कार्यक्रम राजेश शुक्ला के संयोजन में संपन्न किया गया इस आयोजन में भाजपा मण्डल अध्यक्ष लालसिंह सोलंकी ने सम्पूर्ण व्यवस्थाओ को पूर्ण करते हुए सम्पूर्ण सुंदरकांड के यजमान रहे इस अवसर पर विनोद जी पानेरी,अशोक जी पंचाल,पवन जोशी , हीरालाल शर्मा , महेश दोसी, चंद्रकांत खोड़निया,बापूलाल गर्ग, पुरूषोतम सेवक,महेश पानेरी ,हीरालाल सेवक, राजेंद्र पंचाल, मनीष टेलर, नरेश गोयल आदि सर्व सनातन हिंदू समाज सहित गांव के समस्त युवासाथी, मातृशक्ति ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं संपूर्ण भारत की रक्षार्थ सामूहिक प्रार्थना का आयोजन भी किया गया सुंदरकांड के पश्चात महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया अंत में सभी का आभार लालसिंह सोलंकी ने व्यक्त किया।

# सकतपुरा बावद में बाबा नरसिंह भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम आयोजित भंडारे का हुआ आयोजन



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** ग्राम सकतपुरा (बावद) के बाबा नरसिंह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का रविवार को हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री डॉ. अंजली यादव रही। डॉ. अंजली यादव ने मंदिर में विधिवत दर्शन कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने धार्मिक आयोजनों के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन समिति और ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन जिसमें आसपास के ग्रामीणों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर सत्यवीर सरपंच, उमाशंकर यादव सरपंच सिरयानी, गिर्राज मास्टर, रमेश फौलादपुरिया, जिला पार्षद जयप्रकाश झाबर, किन्नर गुरु मधु शर्मा नीमराना, अभिषेक कौशिक एवं समस्त सकतपुरा के ग्रामीण व आसपास गांव के लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार रोहिताश कुमार जाटव स्थान अलवर दिनांक 11 05 2025 हैडिंग आम आदमी पार्टी अलवर यूनिट की हुई मीटिंग



मरुधर विशेष

**अलवर ।** आज आम आदमी पार्टी की जिलास्तरीय मीटिंग राज सभागार, बर्फखाना रोड़ अलवर में आयोजित की गई। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव विश्वेन्द्र चौधरी एवं लोकसभा प्रभारी दिव्यन्दु शर्मा रहे। मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगन्नाथ गोयल ने की। मीटिंग में आमी आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा दिव्यन्दु



शर्मा को लोकसभा प्रभारी अलवर व जगन्नाथ गोयल को जिलाध्यक्ष बनाने पर दोनों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी दिव्यन्दु शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाओं को ध्यान में रखते हुए पार्टी में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने व पार्टी को मजबूती प्रदान करने का आव्हान किया। आज मीटिंग में अतर सिंह, मनोज चन्दरूल, सब्बीर खान, नितेश शर्मा, उमाशंकर सैनी, डॉ. सुरेन्द्र चौधरी, निखिल मीणा, श्यामलाल जाजोरिया, विनोद कुमार, सतीश कुमार, कुलदीप, महावीर सिंह, सुबेदीन खान, आदि राजेन्द्र कुमार, शमशेर खॉन, महेश तासा, कमलेश कुमार, कमलकान्त जांगिड, देवेन्द्र जाटव आदि शामिल रहे।

# बाघिन को देखकर पर्यटक हुए खुश

मरुधर विशेष

**अलवर।** सरिस्का बाघ परियोजना में पिछले तीन दिन से टूरिस्ट को हर दिन टाइगर के दीदार हो रहे हैं। कहीं जिप्सी के पास से टाइगर निकला, तो कहीं सफारी ट्रैक पर सामने टाइग्रेस आ गई। एक जगह तो टाइग्रेस पानी के हॉद में बैठी नजर आई। ऐसे में घूमने आए टूरिस्ट भी काफी खुश रहे



और इन पलों को अपने कैमरे में भी कैद किया। भारत में चल रहे हालात सामान्य होने के बाद आज रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक सरिस्का पहुंचे। वहीं इसी दौरान पर्यटकों ने जंगल सफारी करने का आनंद लिया। सरिस्का गाइड अर्जुन मीणा ने बताया कि आज सुबह बड़ी संख्या में पर्यटकों ने जंगल सफारी की। तो वही सफारी के दौरान उनको बाघिन एस टी 9की साइटिंग हुई। बाघिन को देखकर पर्यटक काफी खुश नजर आए।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732